


MEDANTA

# टोटल नी रिप्लेसमेंट

## (टी.के.आर)

INSTITUTE OF MUSCULOSKELETAL
DISORDERS & ORTHOPAEDICS

## नी रिप्लेसमेंट सर्जरी क्या होती है?




नी रिप्लेसमेंट सर्जरी चोट लगने या घिस चुके घुटनों को बदलने के लिए की जाती है। यह सर्जरी दर्द को कम करके और घुटनों को बेहतर काम करने में मदद करती है। डॉक्टर मरीज़ के घुटने के ख़राब हुए हिस्से को हटा देते हैं और उन्हें मेटल और प्लास्टिक से बनी एक कृत्रिम जोड़ (प्रॉस्थेसिस) से बदल देते हैं ।

## नी रिप्लेसमेंट सर्जरी से पहले किन बातों का ध्यान रखना आवश्यक है?

डॉक्टर मरीज़ को निम्नलिखित गंभीर लक्षण होने पर नी रिप्लेसमेंट की सलाह दे सकते हैं :

- जोड़ों का दर्द
- जकड़न
- गतिविधियों और घुटना हिलाने में परेशानी
- सूजन



आर्थराइटिस के कारण अधिकांश लोगों को नी रिप्लेसमेंट की आवश्यकता होती है। सामान्यतः ऑस्टियो आर्थराइटिस से ग्रसित लोगों को नी रिप्लेसमेंट की सलाह दी जाती है,लेकिन कुछ रूमेटॉइड आर्थराइटिस के रोगियों को भी इसकी आवश्यकता हो सकती है।

## नी रिप्लेसमेंट सर्जरी से पहले किस प्रकार तैयार रहना चाहिए?

निम्नलिखित पर अपने डॉक्टर से अवश्य बात कर लें :

- उन दवाओं के बारे में बात करें जो मरीज़ नियमित रूप से लेते हैं और क्या मरीज़ उन्हें अपनी सर्जरी से पहले ले सकते हैं या नहीं
- किसी भी दवा से एलर्जी के बारे में अवश्य बताएं
- मरीज़ को खाना-पीना कब बंद करना है

एक अटेंडेंट को अपने साथ रखें जो डिस्चार्ज के बाद मरीज़ को घर ले जा सके और बाकी कामों में मरीज़ की मदद कर सके।



## नी रिप्लेसमेंट सर्जरी के दौरान क्या होता है?



- सर्जरी से पहले मरीज़ को जनरल एनेस्थीसिया दिया जाता है जिससे सर्जरी के दौरान मरीज़ बेहोश रहें।
- डॉक्टर ख़राब हो चुके घुटने के हिस्से को निकालते हैं और उन्हें मेटल और प्लास्टिक से बनी एक कृत्रिम जोड़ (प्रॉस्थेसिस) से बदल देते हैं।
- आवश्यकता पड़ने पर नी कैप को प्रॉस्थेसिस के आकार के अनुसार बदला जा सकता है।

## नी रिप्लेसमेंट सर्जरी के बाद क्या होता है?

- मरीज़ को रिकवरी रूम में रखा जाता है जहाँ हृदय, रक्तचाप और अन्य मानकों पर निगरानी रखी जाती है।
- डॉक्टर मरीज़ को रक्त पतला करने की दवाई दे सकते हैं।
- मरीज़ को वॉकर की मदद से चलाया जाता हैं।
- डिस्चार्ज के बाद जारी रखने वाले व्यायाम की जानकारी दी जाती हैं।



## नी रिप्लेसमेंट सर्जरी से जुड़े जोखिम क्या हैं?

किसी भी अन्य सर्जरी की तरह नी रिप्लेसमेंट में भी कुछ जोखिम हो सकते हैं:

- संक्रमण
- रक्तस्राव
- कृत्रिम जोड़ का ढीला होना
- दर्द और जकड़न
- रक्त के थक्के बनना

## किन परिस्थितियों में तुरंत अपने डॉक्टर से संपर्क करें ?

यदि मरीज़ को निम्नलिखित लक्षण दिखाई दें तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें:

- गंभीर दर्द या सूजन
- बुखार
- चीरे से खून या मवाद बहना






24/7 सेवा

## मेदांता 24X7
## आपातकालीन हेल्पलाइन
# 1068

अपॉइंटमेंट बुक करने
के लिए स्कैन करें

medanta हेल्पलाइन

**890-439-5588**

Visit us at : www.medanta.org

मेदांता नेटवर्क: गुरुग्राम । दिल्ली । लखनऊ । पटना । इंदौर । रांची । नोएडा *

* शीघ्र प्रारम्भ